Raniganj Girls' College

4th semester Honours

BAHHINC402

हिन्दी उपन्यास

Time-2 hours **Full Marks-40**

1. निम्नलिखित किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **1x5=5**

क) सेवासदन का प्रकाशन वर्ष क्या है?

ख) एक मनोवैज्ञानिक उपन्यास का नाम लिखिए।

ग) एक आंचलिक उपन्यासकार का नाम लिखिए।

घ) मैला आंचल किसकी रचना है ?

ङ) सुमन किस उपन्यास की मुख्य पात्र है ?

च) जैनेंद्र और द्वारा रचित एक उपन्यास का नाम बताइए।

छ) 'प्रेमचंद और उनका युग' के रचनाकार कौन हैं?

ज) आपका बंटी उपन्यास में बंटी के पिता का नाम क्या है?

2. निम्नलिखित किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **2x 5=10**

क) प्रेमचंद के प्रथम एवं अंतिम उपन्यास का नाम लिखिए।

ख) ग्लोबल गांव के देवता के अतिरिक्त रेणेंद्र के दो उपन्यासों का नाम बताइए ।

ग) आपका बंटी उपन्यास की मुख्य समस्या क्या है?

घ) प्रेमचंद किस काल के रचनाकार है? 'प्रेमचंद और उनका युग' किसकी रचना है?

ङ) 'मैला आँचल' और 'परती परिकथा' उपन्यास में चित्रित गांवों का नाम लिखिए।

च) आपका बंटी उपन्यास का प्रकाशन वर्ष क्या है ?इस उपन्यास के प्रमुख पात्रों का नाम लिखिए।

छ) रेणु जी का जन्म कब और कहां हुआ था?

ज) प्रेमचंद विरासत का सवाल और हिंदी उपन्यास का इतिहास के रचनाकारों के नाम लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 3x5= 15

क) " मैंने प्रण किया था कि मैं नहीं रोऊँगा, नहीं रोऊँगा। मैं नहीं रोया, नहीं रोया। मुझे बेहद गुस्सा मालूम होता था कि मैं क्यों कुछ उत्पात नहीं किए डाल रहा हूँ। मेरे मन में हो रहा था कि कोई मुझसे झगड़ता क्यों नहीं है। "

ख) "तिरस्कार की मात्रा भी उनकी आशा से अधिक हो गई। वह न समझे कि तिरस्कार यह रूप धारण करेगा और उससे मेरे हृदय पर इतनी चोट लगेगी। अनुतप्त हृदय वह तिरस्कार चाहता है, जिसमें सहानुभूति और सहृदयता हो, वह नहीं जो अपमानसूचक और क्रूरतापूर्ण हो। पका हुआ फोड़ा नश्तर का घाव चाहता है, पत्थर का आघात नहीं। "

ग) "इस बार पापा आएंगे तो वह पापा से पूछेगा कि वे दोनों दोस्ती क्यों नहीं कर लेते? पापा तो उसकी बात बहुत मानते हैं; जहाँ कहता है, वहीं घुमाने ले जाते हैं। जो मांगता है, वही दिला देते हैं। यह बात नहीं मानेंगे! अब तो वह बड़ा हो गया है, पापा को समझा सकता है। "

घ) " अपने घर से उखड़ कर बंटी जैसे सभी जगह से उखड़ गया, क्लास में बैठा रहता तो मन में घर तैरता रहता है.....ममी, अमि, ममी का कमरा, कमरे का जादू.....और भी जाने क्या-क्या। सबके बीच होकर भी जैसे वह सबसे कटा- छँटा, अलग-थलग सबको देखता रहता है।"

ङ) " समय इतनी तेजी से भागता है कि हम उसे पकड़ नहीं पाते। कोई-ना-कोई काम रोज़ छूट जाता। इस बीच छुट्टियों में घर गया तो घर-गांव ही अजनबी लगने लगे। वहाँ के पेड़-पौधों की हरियाली इतनी गहरी और चमकीली नहीं लगती जैसे कि इस पाट की।"

च) "भीतर ही भीतर कई कान भी उग आए हैं तभी तो एक बात को ठेलकर दूसरी बात का आ जाती है। आवाज़ के ऊपर आवाज़ तैरने लगते हैं और सभी आवाज़े मिलकर बस एक शोर।"

4.निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए। 1x10= 10

क) सेवासदन उपन्यास में चित्रित स्त्री विमर्श की समीक्षा कीजिए।

ख) हिंदी उपन्यास के विकास क्रम पर प्रकाश डालिए।

ग) आपका बंटी उपन्यास के प्रमुख पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।